राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3648

24 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

छत्तीसगढ़ में एनएमडीसी खान को पट्टे पर देना

3648. श्रीमती छाया वर्माः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि छत्तीसगढ़ के बचेली क्षेत्र में नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएमडीसी) द्वारा संचालित डिपोजिट सं॰ 13 को पट्टे पर देने के संबंध में कई विसंगतियां उजागर हुई हैं;

(ख) उक्त खान निजी क्षेत्र को कब तक के लिये पट्टे पर दी गई है; और

(ग) उक्त पट्टे के संबंध में किन-किन नियमों व शर्तों में शिथिलता बरती गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): जी नहीं।

(ख): उक्त खान किसी निजी क्षेत्र को पट्टे पर नहीं दी गई और पट्टा एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड (एनसीएल) के नाम पर है।

(ग): उपरोक्त के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

****